सब कुछ मिला है मुझको

सब कुछ मिला है मुझको पर गोद मेरी खाली
मुझको भी माँ बना दे ओ मैया शेरावाली
सब कुछ मिला है मुझको पर गोद मेरी खाली

धन धान की ओ मैया कोई कमी नही है,
पर माँ मुझे कहे वो कोई लाल ही नही है,
मैं आई तेरे द्वारे बन के माँ सवाली
सब कुछ मिला है मुझको पर गोद मेरी खाली

मन के भवन में मैया तेरी ज्योत है जगाई
झोली भरेगी मेरी जगदम्बे महा माई,
मन्नत माँ तेरे दर से मैंने यही मनाई
मुझको भी माँ बना दे ओ मैया शेरावाली
सब कुछ मिला है मुझको पर गोद मेरी खाली

कुछ और न ओ मैया तुझसे मुराद मांगू
फैला के अपना अंचल तुझसे औलाद मांगू
यही आस शेरावाली तेरे दर से है जगा ली
मुझको भी माँ बना दे ओ मैया शेरावाली
सब कुछ मिला है मुझको पर गोद मेरी खाली

https://alltvads.com/bhajan/lyrics/id/22362/title/sab-kuch-mila-hai-mujhko-par-gor-meri-khali

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |